# कृषि उपज मण्डी समिति, सोलन हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 1.4.2014 से 31.3.2015

## भाग–एक

## 1. प्रारम्भिक

**(क)** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औधोगिक उपज (विकास एवं विनियम) अधिनियम 2005 की धारा 48(2) के दृष्टिगत, कृषि उपज मण्डी समिति सोलन जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) के अवधि 1.4.2014 से 31.3.2015 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा किया गया।

**(ख) अंकेक्षणाधीन अवधि 2014–2015 के दौरान मण्डी समिति, सोलन में अध्यक्ष तथा सचिव के पद पर कार्यरत रहे पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार हैः–**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | पद | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री रमेश ठाकुर | अध्यक्ष | 1.4.2014 से 31.3.2015 |
| 2 | डा० भानु शर्मा | सचिव | 1.4.2014 से 9.4.2014<br>5.6.2014 से 8.7.2014<br>12.8.2014 से 31.3.2015 |
| 3 | श्री रमेश ठाकुर | सचिव | 10.4.2014 से 4.6.2014<br>9.7.2014 से 12.8.2014 |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

**कृषि उपज मण्डी समिति सोलन के अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1.4.2014 से 31.3.2015 में सम्मिलित ऑडिट पैरों की गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

| क्रम संख्या | विवरण | पैरा संख्या | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | डिपोजिट वर्कस से सम्बन्धित दी गई अग्रिम राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना | 5(ख) | 82.19 |
| 2 | आयकर विभाग के नाम राशि असमायोजित दर्शाना | 8 | 145.42 |
| 3 | सर्विस टैक्स असमायोजित दर्शाना | 9 | 21.05 |
| 4 | कारोबारियों द्वारा नियमों का उलंघन करने के बावजूद भी उनके पंजीकरण को निरस्त न करना | 10 | 16.87 |
| 5 | कृषि उपज समिति, सोलन में विभिन्न दुकानों/गोदामों/कार्यालयों की समय पर नीलामी न करने के कारण समिति को हो रही हानि के बारे | 12 | विवरण पैरे में दिया गया है |
| 6 | दुकानों के किराए की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 13 | 45.11 |
| 7 | टर्मिनल मण्डी परवाणु में पट्टे पर आबंटित दुकानों से पट्टे की वसूली योग्य राशि का शेष पाया जाना | 14 | 9.38 |
| 8 | मण्डी शुल्क की राशि की कम वसूली करना | 15(क) | 2.51 |

**(घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति संलग्न **परिशिष्ट–''क''** पर दर्शाई गई है। गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में वसूली से सम्बन्धित अनेक आपत्तियाँ शामिल है, जिन पर शीघ्र कार्यवाही करके वसूली करने के अतिरिक्त अन्य पैरों का भी निपटारा करवाया जाए।

## भाग–दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षण

मण्डी समिति सोलन के अवधि 1.4.2014 से 31.3.2015 के लेखाओं का अंकेक्षण, श्री राम सिंह चौहान (अनुभाग अधिकारी), श्री पुनीश सागर (अनुभाग अधिकारी), श्री राकेश कुमार चौहान (कनिष्ठ लेखा परीक्षक) तथा श्रीमती ममता रावल (कनिष्ठ लेखा परीक्षक) द्वारा पूर्वाकेंक्षण प्रणाली के आधार पर किया गया था।

## 3. अंकेक्षण शुल्क

निवासी अंकेक्षण योजना, मण्डी समिति सोलन में कार्यरत अनुभाग अधिकारियों तथा लेखा परीक्षकों का वित्त वर्ष 2014–2015 का अंकेक्षण शुल्क ₹13,64,421 आंका गया, जिसे मण्डी समिति द्वारा चैक संख्याः 446541 दिनांक 23.1.2016 (पी0एन0बी0) द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को प्रेषित कर दिया गया है।

## 4 वित्तीय स्थिति

**(क)** मण्डी समिति सोलन द्वारा प्रस्तुत मण्डी समिति की वर्ष 2014–2015 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत ब्यौरा इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ संलग्न **परिशिष्ट–''ख''** पर भी दिया गया है।

| | |
|---|---|
| **दिनांक 1.4.2014 को आरम्भिक शेष** | |
| रोकड़ तथा बैंक में शेष | 12,56,81,789.88 |
| बाऊंसड चैकस | 13,17,936.00 |
| **कुल योग** | **12,69,99,725.88** |
| वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ (परिशिष्ट–''ख'') | 8,91,67,333.03 |
| **कुल योग** | **21,61,67,058.91** |
| वर्ष के दौरान भुगतान (परिशिष्ट–''ख'') | 3,52,66,802.00 |
| 31.3.2015 को अन्तिम शेष | 18,09,00,256.91 |
| रोकड़ तथा बैंक में शेष | 17,92,13,059.91 |
| वाऊंसड चैकस | 16,87,197.00 |
| **कुल योग** | **18,09,00,256.91** |

**अन्तिम शेष का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से हैः–**

| क्र0 सं0 | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1 | विभिन्न बैंकों के बचत खातों में जमा राशि (**परिशिष्ट–''ख''** के अनुसार) | 42,36,710.91 |
| 2 | सावधि जमा में निवेश (**परिशिष्ट–''ख''** के अनुसार) | 17,49,75,849.00 |
| 3 | हस्तगत शेष (**परिशिष्ट–''ख''** के अनुसार) | शून्य |
| 4 | स्थाई अग्रिम | 500.00 |
| | **कुल योग** | **17,92,13,059.91** |

**(ख) बैंक समाधान विवरणी**

मण्डी समिति सोलन की विभिन्न बैंक खातों की दिनांक 31.3.2015 को बैंक समाधान विवरणीका का विवरण **परिशिष्ट–''ख''** में दिया गया है।

**(ग) निवेश**

मण्डी समिति, सोलन द्वारा अंकेक्षणाधीन अवधि में सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों का विवरण **परिशिष्ट–''ख''** में दिया गया है। मण्डी समिति द्वारा दिनांक 31.3.2015 तक विभिन्न बैंकों में बचत तथा सावधि जमा से सम्बन्धित कुल 23 खाते खुलवा रखे थे। यह खाते कॉपरेटिव, राष्ट्रीयकृत तथा निजी बैंकों में थे। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सरप्लस फण्डस का निवेश हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विभाग के पत्र संख्याः फिन–आई0एफ(ए)1–68/91–v, फाईनैंस डिपार्टमैंट (आई0एफ) शिमला–171002, दिनांक 17.4.2014 में दिए गए निर्देशों अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 5 अग्रिम

## (क) अग्रिम ₹1.43 लाख का समायोजन न किए जाने बारे

अंकेक्षण अधियाचनाओं द्वारा बार–बार आग्रह किए जाने के बावजूद निम्नानुसार कई अग्रिम राशियाँ जोकि पिछले वर्षों से सम्बन्धित है के समायोजन हेतु कोई प्रयास नहीं किए गए जोकि एक गम्भीर अनियमिता है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा शीघ्र इन अग्रिम राशियों का समायोजन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्रमांक | दिनांक | बिल संख्या | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19.4.2011 | 43 | शासकीय डाक टिकटों हेतु | 2,000 |
| 2 | 23.9.2011 | 291 | पैट्रोल हेतु | 5,000 |
| 3 | 1.11.2011 | 375 | शासकीय डाक टिकटों हेतु | 2,000 |
| 4 | 6.2.2013 | 449 | शासकीय डाक टिकटों हेतु | 1,000 |
| 5 | 21.2.2013 | 483 | शासकीय डाक टिकटों हेतु | 1,000 |
| 6 | 17.12.13 | 421 | फॉर्म्स की लोडिंग अनलोडिंग हेतु | 10,000 |
| 7 | 15.7.2014 | 158 | बिजली एवं पानी की लाईंस की छोटी मोटी मुरम्मत, नालियों की सफाई आदि हेतु | 25,000 |
| 8 | 31.10.2014 | 353 | वाहन के बीमें हेतु | 19,440 |
| 9 | 27.11.2014 | 409 | शासकीय डाक टिकटों के क्रय हेतु | 1,000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 20.1.2015 | 504 | नये साल के कलैण्डर तथा डायरी आदि के क्रय हेतु | 7,000 |
| 11 | 26.3.2015 | 642 | ट्रेनिंग हेतु | 10,000 |
| 12 | 26.3.2015 | 643 | ट्रेनिंग हेतु | 60,000 |
| | | | **कुल योग** | **1,43,440** |

**(ख) डिपोजिट वर्कस से सम्बन्धित दी गई अग्रिम ₹82.19 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना**

मण्डी समिति द्वारा प्रस्तुत लेखों के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को निम्नविवरणानुसार ₹82,18,863 हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड तथा अन्य विभागों के पास असामायोजित दर्शाई गई है जिसके उपयोगिता प्रमाण पत्र बोर्ड तथा अन्य विभागों से शीघ्र अतिशीघ्र प्राप्त करके इन राशियों का समायोजन करना सुनिश्चित किया जाए तथा इस राशि के समर्थन में विपणन बोर्ड द्वारा जारी मिलान पत्र भी अंकेक्षण को प्रस्तुत किए जाऐं।

| संस्थान का नाम जिसे डिपोजिट वर्क्स की अग्रिम राशि दी गई थी | जितनी राशि दिनांक 31.3.15 को असमायोजित थी | |
|---|---|---|
| हि0प्र0 विपणन बोर्ड | 66,21,098.00 | **परिशिष्ट–''ख''** |
| डिपोजिट वर्क परवाणु (HPSEB Electrical Division) | 7,91,350.00 | (टिप्पणीः इस सम्बन्ध में समिति को अंकेक्षण प्रतिवेदन 2013–14 की पैरा संख्याः 5 द्वारा भी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया था, परन्तु समिति ने इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की है) |
| डिपोजिट वर्क, परवाणु (HIMUDA) | 1,83,695.00 | |
| डिपोजिट वर्क, सोलन (HPSEB Electrical Division) | 2,65,020.00 | |
| डिपोजिट वर्क, सोलन (Irrigation & Public Health Department ) | 3,57,700.00 | |
| **कुल योग** | **82,18,863.00** | |

## 6 पूर्वांकेक्षण में प्रस्तुत बिलों में की गई ₹0.34 लाख की कटौतियों के बारे में

मण्डी समिति सोलन द्वारा अवधि 2014–2015 में प्रस्तुत बिलों में से पूर्व अंकेक्षण के समय ₹34,355 की कटौतियां विभिन्न बिलों से की गई हैं। अंकेक्षण द्वारा उपरोक्त दर्शाई गई कटौतियों के अतिरिक्त विभिन्न बिलों को पारित करने से पूर्व व उनमें पाई गई अनियमितताओं के बारे में समिति को अवगत करवा कर आवश्यक सुधार करने के उपरान्त ही बिलों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने को कहा गया है, जिससे संस्था के लाखों रुपये के अपव्यय को रोककर मण्डी समिति को होने वाली वित्तीय हानि से रोका गया है। इससे अतिरिक्त अंकेक्षण द्वारा विभिन्न वित्तीय मामलों में समिति के अधिकारियों व कर्मचारियों का समय–समय पर सही मार्ग दर्शन भी दिया गया है।

## 7 विपणन बोर्ड की देय मण्डी शुल्क की ₹60.05 लाख के बारे में

मण्डी समिति के तुलन पत्र के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को मण्डी शुल्क की ₹60,05,494 विपणन बोर्ड को देय दर्शाई गई थी। मण्डी समिति द्वारा बोर्ड को यह राशि बिल संख्याः 37, दिनांक 27.4.2015 के अन्तर्गत प्रेषित कर दी थी, परन्तु इस सन्दर्भ में बोर्ड द्वारा जारी रसीद अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई। अतः बोर्ड से रसीद प्राप्त करके इसे पुष्टि हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 8 आयकर विभाग के नाम असमायोजित ₹145.42 लाख का दर्शाया जाना

मण्डी समिति के वर्ष 2014—2015 के तुलन पत्र के अनुसार आयकर विभाग को दी गई ₹1,45,41,808 असमायोजित दर्शाई गई है। इस प्रकरण में अंकेक्षण द्वारा जाँच करने पर पाया गया कि यह राशि समय—समय पर आयकर विभाग द्वारा मण्डी समिति की आय पर लगाये गए आयकर के भुगतान से सम्बन्धित है। उक्त राशि में मण्डी समिति द्वारा देय तिथि तक आयकर की रिटर्न दाखिल न करने के कारण भुगतान की गई जुर्माने की ₹32,40,779 भी सम्मिलित थी, जिसे आयकर आयुक्त के समक्ष अपील के मध्यनजर वर्ष 2012—13 के दौरान मण्डी समिति को वापिस (refund) भी कर दिया गया था। आयकर विभाग को भुगतान की गई राशि का विवरण निम्नानुसार हैः—

| क्रमांक | वित्त वर्ष | आयकर विभाग को अदा की गई राशि | आयकर विभाग द्वारा वापिस की गई राशि | आयकर विभाग को अदा की गई राशि का संचित योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2006—07 | 44,10,343.00 | ——— | 44,10,343.00 |
| 2 | 2007—08 | ———— | ——— | 44,10,343.00 |
| 3 | 2008—09 | 48,30,550.00 | ——— | 92,40,893.00 |
| 4 | 2009—10 | 77,94,061.00 | ——— | 1,70,34,954.00 |
| 5 | 2010—11 | ——— | ——— | 1,70,34,954.00 |
| 6 | 2011—12 | ——— | 32,40,779.00 | 1,37,94,175.00 |
| 7 | 2012—13 | ——— | ——— | 1,37,94,175.00 |
| 8 | 2013—14 | 7,47,633.00 (Assessment year 2007-08 से सम्बन्धित) | ——— | 1,45,41,808.00 |

चूँकि आयकर अधिनियम की धारा 10 (26—एएबी) के अन्तर्गत विपणन समितियों/बोर्ड की आय को दिनांक 1.4.2009 से कर मुक्त कर दिया गया है। अतः दिनांक 1.4.2009 के उपरान्त मण्डी समिति द्वारा कोई भी आयकर अदा नहीं किया गया है तथा उक्त तिथि से पूर्व की आय पर किये गए भुगतान की वसूली हेतु आयकर कमिश्नर के समक्ष अपील की गई थी तथा तदानुसार ₹1,45,41,808 का आयकर अग्रिम मानकर तुलन पत्र में दर्शाया गया है। यह प्रकरण गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्याः

9 में दर्शित उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ लाया गया था। अतः उक्त प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही अमल में ला कर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9 सर्विस टैक्स की असमायोजित ₹21,05,455 का दर्शाया जाना

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर आयुक्तालयः चण्डीगढ़–1 के पत्र संख्याः V(ST)SCN/ADC/ADJ/SML/28/2012, दिनांक 4.2.2014 तथा V(ST)SCN/ADC/ADJ/SML/39/14, दिनांक 8.10.2014 के अनुसार मण्डी समितियों द्वारा जो अस्थाई सम्पति पर किराए की वसूली की गई थी, उस पर मण्डी समितियों द्वारा सेवा कर देय था तथा सम्बन्धित अथौरटी द्वारा विपणन समितियों को किराए पर देय सेवा कर तथा देय जुर्माना जमा करवाने हेतु सूचित किया गया था। मण्डी समिति, सोलन से सम्बन्धित देय सेवा कर एवं जुर्माने की ₹22,50,616 + 5000 (जुर्माना) तथा ₹9,82,647 की वसूली की मांग की गई थी, जिसमें से मण्डी समिति, सोलन ने केवल सेवा कर से सम्बन्धित ₹11,22,808 (अवधि 1.6.2007 से 30.9.2011 तक, बिल संख्याः 9, दिनांक 4.4.2014 के अन्तर्गत) तथा ₹9,82,647 (अवधि 4/12 से 9/13 तक, बिल संख्याः 368, दिनांक 15.11.2014 के अन्तर्गत अर्थात कुल ₹21,05,455) जमा करवा दी थी। इस प्रकार जमा करवाए गई सेवा कर की उक्त ₹21,05,455 विभिन्न मार्केट यार्डों में विभिन्न दुकानों के आबंटियों से वसूल की जानी अपेक्षित थी, लेकिन मण्डी समिति द्वारा इस राशि की अपने कोष से निकासी करके सेवा कर के रूप में जमा करवाई। चूँकि यह मामला मण्डी समिति द्वारा अपील प्राधिकारी के समक्ष दायर कर न्यायाधीन है, अतः इस प्रकरण में अन्तिम निर्णय आने पर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए व तदानुसर सेवा कर की वसूली उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए।

## 10 कारोबारियों द्वारा नियमों का उलंघन करने के बावजूद भी उनके पंजीकरण को निरस्त न करना

मण्डी समिति के वर्ष 2014–2015 के तुलन पत्र में दर्शाए गए मण्डी शुल्क (market fee) तथा किराए (rent) की वसूली से सम्बन्धित ₹16,87,197 के bounced cheques मण्डी समिति को प्राप्त हुए थे जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| कारोबारी का नाम | क्रमांक | चैक संख्या | दिनांक | राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| मैसर्ज ग्रामीण कृषक सोसाईटी शॉप नं0 5 | 1 | 873783 | 31.3.2011 | 3,00,000 | मण्डी शुल्क |
| | 2 | 873782 | 31.3.2011 | 2,72,000 | मण्डी शुल्क |
| मैसर्ज राजीव कुमार संजीव कुमार शॉप नं0 29 | 3 | 862737 | 31.3.2011 | 48,916 | मण्डी शुल्क |
| | 4 | 862736 | 31.3.2011 | 2,00,000 | मण्डी शुल्क |
| | 5 | 862734 | 31.3.2011 | 2,50,000 | मण्डी शुल्क |
| | 6 | 862735 | 31.3.2011 | 2,00,000 | मण्डी शुल्क |
| मैसर्ज ग्रामीण कृषक सोसाईटी शॉप नं0 5 | 7 | 212603 | 21.8.2014 | 3,36,715 | मण्डी शुल्क |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मैसर्ज रजत थापा | 8 | 030352 | 20.8.2014 | 48,506 | मण्डी शुल्क |
| मैसर्ज रोहित चौहान | 9 | 777647 | 21.8.2014 | 31,060 | मण्डी शुल्क |
| | | | **कुल योग** | **16,87,197** | **परिशिष्ट–''ग''** |

हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औधानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) विधेयक 2005 की धारा 40(4) की शर्तों के अनुसार यदि कोई आवेदक/कारोबारी हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औधानिकीय उपज विपणन अधिनियम/नियम व उप नियमों के किसी भी प्रावधान का उलंधन करता है, तो उस अवस्था में उसे आवश्यक नोटिस जारी करके उसके पंजीकरण को निरस्त किए जाने का प्रावधान है। मण्डी समिति द्वारा ''Bounced Cheques'' से सम्बन्धित मामलों को न्यायालय के समक्ष लाने के बावजूद भी न तो सम्बन्धित कारोबारियों के पंजीकरण को रद्द किया गया और न ही उनके कारोबार को रोका गया, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। इस बारे समिति को अंकेक्षण प्रतिवेदन 2012–13 में पैरा संख्याः 11(क) तथा 2013–14 में पैरा संख्याः 10 द्वारा भी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया था, परन्तु इस सन्दर्भ में मण्डी समिति कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतः इस प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई करने के अतिरिक्त बकाया राशि की वसूली न्यायालय के माध्यम से करने तथा अधिनियम की धारा 45(3) के अन्तर्गत कार्यवाही करने पर भी विचार किया जाए तथा वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 11 मण्डी समिति द्वारा विभिन्न दुकानों व गोदामों से सम्बन्धित देय प्रतिभूति में ₹2.49 लाख का अन्तर पाया जाना

मण्डी समिति सोलन के वर्ष 2014–2015 के तुलन पत्र (**परिशिष्ट–''ख''**) में विभिन्न दुकानों/गोदामों की प्रतिभूति (Security Payble) के रूप में ₹1,06,07,927.50 देय दर्शाई गई है, जबकि अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई विवरणिकाओं (**परिशिष्ट–''घ''**) के अनुसार देय प्रतिभूति की ₹1,03,59,036 दर्शाई गई है। अतः तुलन पत्र तथा उक्त **परिशिष्ट–"घ''** में देय प्रतिभूति में ₹248891.50 का अन्तर पाया गया, जिसका शीघ्र मिलान करके देय प्रतिभूति की सही राशि का आंकलन करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 12 कृषि उपज समिति, सोलन में विभिन्न दुकानों/गोदामों/कार्यालयों की समय पर नीलामी न करने के कारण समिति को हो रही हानि के बारे में

कृषि उपज समिति, सोलन की विभिन्न दुकानों/गोदामों/कार्यालयों के पिछले कई माह से रिक्त है, जिनका विवरण **परिशिष्ट–''ड़''** पर दिया गया है। इन दुकानों/गोदामों/कार्यालयों की समय पर नीलामी न करने के कारण समिति को हो रही हानि के बारे में औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा रिक्त पड़ी दुकानों/गोदामों/कार्यालयों की नीलामी हेतु उचित पग उठाये जाए और अनुपालना से अंकेक्षण को सूचित किया जाए।

## 13 दुकानों के किराये की ₹45.11 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

मण्डी समिति द्वारा प्रस्तुत बकाया किराये की सूची के अनुसार **परिशिष्ट–''च''** के अनुसार तथा तुलन पत्र के (**परिशिष्ट–''ख''**) के अनुसार दिनांक 31.3.2015 के ₹45,10,561 विभिन्न मार्केट यार्डों के विभिन्न आबंटियों से वसूली हेतु शेष दर्शाई गई है, जिसकी समयबद्ध वसूली न होने के कारण एक तो मण्डी समिति के अदत किराये की राशि में वृद्धि हो रही है तथा मण्डी समिति को निवेश पर प्राप्त होने वाले ब्याज के लाभ से भी वंचित होना पड़ रहा है। अतः उक्त आबंटियों से बकाया किराये की राशि को आबंटन निति एवं अधिनियम की शर्तों के अनुसार वसूल किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 14 टर्मिनल मण्डी परवाणु में पट्टे पर आबंटित दुकानों से पट्टा की ₹9.38 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

मण्डी समिति सोलन द्वारा टर्मिनल मण्डी परवाणु में विभिन्न कारोबारियों को पट्टे पर दुकाने आबंटित की गई हैं जिनमें से **परिशिष्ट–''छ''** के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को ₹9,37,822 विभिन्न पट्टाधारियों से वसूली योग्य शेष थी, जिसकी वसूली हेतु उचित पग उठाये जाने सुनिश्चित किए जाए और अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 15 मण्डी शुल्क से सम्बन्धित अनियमितताओं बारे

### (क) मण्डी शुल्क की ₹2,50,862.18 की कम वसूली करना

मण्डी समिति को वर्ष 2010–2011, 2011–2012 व 2012–2013 तथा 2013–2014 में प्राप्त हुए मण्डी शुल्क की जाँच करने पर पाया गया कि **परिशिष्ट–''ज''** के अनुसार मण्डी समिति सोलन के कारोबारियों/कमीशन एजैंटों से उनके नाम के आगे दर्शाई गई देय मण्डी शुल्क की ₹2,50,862.18 की कम वसूली की गई, जिसे अब हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औधयानिकीय उपज विपणन (साधारण) नियम, 2006 के नियम 37(8) के प्रावधान के अनुसार जुर्माना राशि सहित वसूल किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(अ0सं0 3, दिनांक 30.4.2014 (59,456), 5 दिनांक 24.5.2014 (42,422.88), 6 दिनांक 5.8.14 (23,694.30), 14 दिनांक 10.10.2014 (75,600), 34 दिनांक 5.3.2015 (49,689)

### (ख) मण्डी शुल्क की जाँच हेतु 'O' तथा 'Q' फॉर्म प्रस्तुत न करना

अंकेक्षण द्वारा लिखित एवं मौखिक रूप में अनुरोध किए जाने के बावजूद भी निम्नलिखित फर्मों से सम्बन्धित 'O' तथा 'Q' फॉर्म अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए, जिससे यह प्रतीत होता है कि इन फर्मों द्वारा मण्डी समिति के नियमानुसार वांछित अभिलेख तैयार नहीं किए गए थे, जिस कारण इन फर्मों से जितना सही मण्डी शुल्क प्राप्त किया जाना था, उस का आंकलन नहीं किया जा सका। अतः

इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत किए जाने सुनिश्चित किए जाएं।

| क्रम संख्या | फर्म का नाम/शीर्ष | शॉप संख्या | अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 3 | M/s FC Merchandiser, Solan | ....... | 1.4.12 से 31.3.14 | O and Q forms |
| 5 | M/s Shiv vegetables | 18 | 8.4.12 से 15.8.13 | Q forms |
| 6 | M/s TRS. Solan | 15 | 1.4.12 से 31.3.14 | Q forms |
| 7 | M/s Verma Fruit & Co. | .... | 24.6.13 से 22.10.13 | Q forms |
| 8 | M/s Brajeshwari apple agency Solan | ......... | 31.7.12 से 6.10.13 | Q forms |
| 9 | M/s Shami Kumar, Bye Pass | ...... | 18.8.12 से 22.10.14 | Q forms |
| 10 | M/s Mahasu apple Trader | .... | 24.7.13 से 31.8.13 | Q forms |
| 11 | M/s Roop Lal & Sons | ..... | 9.3.13 से 5.10.13 | Q forms |

अ0सं0 16, दिनांक 13.10.2014 तथा अ0सं0 34, दिनांक 5.3.2015

**(ग) सैक्शन 45(2) की अनुपालना न करने के कारण विपणन समिति को हानि होने के बारे**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि Himachal Pradesh Agricultural and Horticulture Produce Marketing (Development and Regulation), Act 2005 के नियम 45(2), जिसका विवरण निम्न प्रकार से दिया गया है, का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है तथा प्राप्त आय देरी से जमा की जा रही है।

"On the agricultural produce brought in the market area for the commercial transaction or for processiong, the market fee shall be deposited by the buyer or processor, as case may be, in the office of the Market Committee, within fourteen days but before the sale or resale or processing or export outside the market area of such agricultural produce", परन्तु मण्डी समिति में उक्त नियमानुसार मण्डी शुल्क जमा नहीं करवाया जा रहा है। इस अनियमितता से सम्बन्धित कुछ प्रकरण निम्न प्रकार से हैं। अतः इस अनियमितता का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा नियमानुसार (नियम 45(3) के अन्तर्गत) कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त भविष्य में निर्धारित समय अवधि के भीतर मण्डी शुल्क का जमा करवाया जाना भी सुनिश्चित किया जाए।

| फर्म का नाम | अवधि | रसीद संख्या तथा दिनांक | राशि |
|---|---|---|---|
| M/s Roop Lal & Sons | 16-8-13 to 31-8-13 | 34/2456 dated 16-9-13 | 26,082 |
| --------- | 9-7-13 to 31-7-13 | 95/2411 dated 6-8-13 | 63,175 |
| --------- | 16-9-13 to 5-10-13 | 56/2471 dated 28-10-13 | 25,182 |
| M/s Verma Fruit Co. Solan, Shop No.1 | 3-9-13 to 12-10-13 | 62/2479 dated 31-3-14 | 2,32,835 |
| M/s Shami Kumar | 16-6-13 to 30-6-13 | 065/2389 dated 9-7-13 | 19,755 |
| ------- | 1-7-13 to 27-7-13 | 096/2389 dated 30-7-13 | 23,721 |
| -------- | 28-7-13 to 26-8-13 | 046/2390 dated 29-8-13 | 72,560 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| M/s Shiv Vegetables (Shop No. 18) | 20-6-13 to 28-6-13 | 007/2411 dated 9-7-13 | 1710(4290) |
| M/s Brajeshwari apple agency | 11-8-13 to 22-8-13 | 029/2456 dated 12-9-13 | 66,843 |

(अ0सं0 तथा 34 दिनांक 5.3.2015)

**(घ) मण्डी शुल्क जमा करने से सम्बन्धित रसीद प्रस्तुत न किए जाने बारे**

M/S Shiv Veg Co (Shop No. 18) से प्राप्त मण्डी शुल्क की पड़ताल के दौरान पाया गया कि फर्म द्वारा ''O'' फॉर्म संख्याः 0034152 अनुसार दिनांक 6.6.12 से 8.6.12 तक किए गए क्रय पर उनके द्वारा मण्डी शुल्क की ₹12,120.85 देय थी। फर्म द्वारा देय मण्डी शुल्क की ₹12,121 में से ₹5110 पहले ही जमा की गई दर्शाई गई थी तथा शेष (12121–5110) ₹7011, रसीद संख्याः 0003908, दिनांक 20.6. 2012 द्वारा जमा करवा दी गई थी, परन्तु ₹5110 के जमा से सम्बन्धित रसीद अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं की गई। अतः मण्डी शुल्क शेष उक्त ₹5110 की जमा से सम्बन्धित रसीद अंकेक्षण में प्रस्तुत की जाए । (अ0स0 34, दिनांक 5.3.2015)

**(ङ) मण्डी शुल्क से सम्बन्धित अभिलेख का ठीक ढंग से रख–रखाव न करना**

विभिन्न फर्मों से प्राप्त मण्डी शुल्क की पड़ताल के दौरान पाया गया कि मण्डी शुल्क से सम्बन्धित अभिलेख का ठीक ढंग से रख–रखाव नहीं किया जा रहा है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ''औ'' तथा ''क्यू'' फार्म में कई जगह Cuttings/Over Writings की गई थी। कई फार्मज़ के सम्बन्धित स्तंभों में रेट तथा वजन का सम्पूर्ण विवरण भी नहीं भरा जा रहा था, जोकि उचित नहीं है। अतः भविष्य में उपरोक्त अनियमितता की पुनरावृति न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। (अ0सं0 14, दिनांक 10.10.14 तथा 34 दिनांक 5.3.2015)

## 16 बिजली के बिलों से सम्बन्धित अनियमितताओं बारे

**(क) बिल संख्याः 335, दिनांक 22.10.2014, ₹48,942 के पूर्व अंकेक्षण के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईः–**

**(i)** बिजली के बिल के मासिक चार्जिज में असमान्य वृद्धि पाई गई। यह वृद्धि बिल की row no. 7 में निम्न विवरणानुसार शीर्ष Sundary Allownace (D/S) के अन्तर्गत लगाये गए चार्जिज के कारण प्रतीत होती है। इन चार्जिज के लगाये जाने के कारण न तो बिल पर अंकित थे तथा न ही समझने योग्य थे कि यह क्यों लगाये गए।

| मीटर संख्या | बिल संख्या/दिनांक | वर्तमान बिल की राशि | पिछले बिल की राशि | वर्तमान बिल में असमान्य वृद्धि | Sundry allowance (D/C) (बिल की 7 नं0 लाईन पर) |
|---|---|---|---|---|---|
| SBC-72 | 01452314/27-10-14 | 8828 | 3453 | 5373 | 5472 |
| SBC-73 | 01452315/27-10-14 | 8016 | 3290 | 4726 | 5184 |
| SBC-74 | 01452316/27-10-14 | 10171 | 5477 | 4694 | 5544 |

(ii) इसी प्रकार सब मार्किट यार्ड, नालागढ़ से सम्बन्धित मीटर संख्याः HC-2000111 में माह 6/2014 के bimonthly चार्जिज में असमान्य वृद्धि पाई गई। बिजली के बिल से सम्बन्धित रजिस्टर के पृष्ठ संख्याः 17, 18 तथा 53 के अनुसार माह 6/2014 से पूर्व इस मीटर का bimonthly चार्ज ₹170 था, परन्तु उसके पश्चात् दो माह के चार्जिज में ₹3408 (3578–170) की असमान्य वृद्धि पाई गई थी, जोकि उचित प्रतीत नहीं होती है। अंकेक्षण में यह भी पाया गया कि मीटर रीडिंगस, यूनिट्स की खपत, लगाये गए चार्जिज से सम्बन्धित अवधि इत्यादि से सम्बन्धित विवरण भी बिल पर नहीं दिया जा रहा तथा बिजली बोर्ड द्वारा लगाये गए चार्जिज के सही होने बारे संशय उत्पन्न करते हैं। इस अनियमितता से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| बिल संख्या तथा दिनांक | मीटर रीडिंग | | यूनिट्स की खपत | अवधि | Bimonthly Chargies |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुरानी | नई | | | |
| 11125103739 | ........... | ............ | Not mentioned | 10 to 11/13 | 170 |
| 11123256055/ 20-2-14 | .......... | ........... | Not mentioned | 12 to 1/14 | 170 |
| 111234252200/ 23-4-14 | 93 | 93 | Not mentioned | 2 to 3/14 | 170 |
| 1112361479/ 26-6-14 | 93 | 0 | 600 | 4 to 5/14 | 3578 |
| 11237665838/ 21-8-14 | 600 | 600 | Not mentioned | 6 to 8/14 | 3578 |
| 111239216539/ 17-10-14 | 0 | 93 | 600 | 8 to 10/14 | 3384 |

**(ख) बिल संख्याः 555, दिनांक 27.2.15 ₹22,839 के पूर्व अंकेक्षण के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईः–**

**(i)** इस बिल में मीटर संख्याः MC(C)-9 से सम्बन्धित ₹15,484 का बिल संलग्न था तथा इस बिल के पूर्व अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि इस बिल की आरम्भिक रीडिंग पिछले बिल की अन्तिम रीडिंग से मेल नहीं खाती थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से स्पष्ट हो जाता हैः–

| बिजली बिल रजिस्टर की पृष्ठ संख्या | पिछले बिल की अवधि | बिजली के रजिस्टर के अनुसार पिछले बिल की अन्तिम रीडिंग | वर्तमान बिल की अवधि | वर्तमान बिल की आरम्भिक रीडिंग |
|---|---|---|---|---|
| 120 | 1-11-14 to 1-12-14 | 83238 | 1-1-15 to 1-2-15 | 84294 (Kvah, as per MRI) |
| -do- | -do- | 20055 | -do- | 20448 (night hours-1) |
| -do- | -do- | 8303 | -do- | 8549 (peak hours-2) |

(ii) यह बिल अवधि 1.1.15 से 1.2.15 तक से सम्बन्धित था, जबकि पिछले बिल की अवधि 1.11. 2014 से 1.12.2014 तक थी जिस से यह प्रतीत होता है कि बीच की अवधि 1.12.2014 से 1.1.2015 से सम्बन्धित बिल का भुगतान निर्धारित समय अवधि के दौरान नहीं किया गया था, क्योंकि वर्तमान बिल में

बकाया राशि से सम्बन्धित ₹8203 (7669 + 534) भी सम्मिलित है। इस बकाया राशि में 1.12.2014 से 1.1.2015 से सम्बन्धित बिल के निर्धारित समय अवधि के दौरान भुगतान न किए जाने के कारण पैनल्टी की राशि सम्मिलित होने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

(iii) इस बिल में परवाणू यार्ड से सम्बन्धित (मीटर संख्याः MCC2000001) का ₹7355 का बिल भी संलग्न था तथा बिल की आरम्भिक रीडिंग भी पिछले बिल की अन्तिम रीडिंग से मेल नहीं खाती थी जोकि निम्न विवरण से स्पष्ट हो जाता हैः–

| **बिजली बिल रजिस्टर की पृष्ठ संख्या** | **पिछले बिल की अवधि** | **बिजली के रजिस्टर के अनुसार पिछले बिल की अन्तिम रीडिंग** | **वर्तमान बिल की अवधि** | **वर्तमान बिल की आरम्भिक रीडिंग** |
|---|---|---|---|---|
| 36 | 8/2014 से 10/2014 | 11359 | 12/14 से 2/15 | 12097 |

इसके अतिरिक्त उक्त बिल अवधि 12/14 से 2/15 से सम्बन्धित था, जोकि पिछले बिल की अवधि 8/2014 से 10/2014 तक थी, जिस से यह प्रतीत होता है कि बीच की अवधि 10/2014 से 12/2014 तक से सम्बन्धित बिल का भुगतान निर्धारित समय अवधि के दौरान नहीं किया गया था तथा इस कारण वर्तमान बिल की ₹7355 में पिछले अवधि 10/2014 से 12/2014 से सम्बन्धित बिल की बकाया राशि तथा पैनल्टी की राशि सम्मिलित होने की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता है।

उपरोक्त अनियमितताएं पूर्व अंकेक्षण के दौरान मण्डी समिति के ध्यान में लाई गई थी, परन्तु मण्डी समिति ने यह बिल अंकेक्षण के समक्ष पारित करने हेतु पुनः इस आश्वासन के साथ प्रस्तुत किए गए थे कि उपरोक्त अनियमितताओं से सम्बन्धित मामले आवश्यक समायोजन हेतु बिजली बोर्ड के समक्ष उठाये जायेंगे। अतः मण्डी समिति की Committed Liability होने के कारण तथा बिजली का कनैक्शन कटने से बचाने हेतु यह बिल उपरोक्त अंकेक्षण आपत्तियों का निपटारा करने की शर्त पर अस्थाई रूप से पारित कर दिया गए थे, परन्तु मण्डी समिति ने अभी तक उपरोक्त अनियमितताओं बारे की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत नहीं करवाया है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा उपरोक्त अनियमितताओं बारे आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त मण्डी समिति को यह भी सुझाव दिया गया था कि जब भी पानी/बिजली/दूरभाष से सम्बन्धित बिलों के चार्जिज में कोई अनियमितता पाई जाती है तो अपने स्तर पर मामला सम्बन्धित विभाग के समक्ष आवश्यक स्पष्टीकरण (Clarification) तथा विनियमन (regulation) हेतु उठाया जाए ताकि बिलों का निर्धारित समय अवधि के दौरान भुगतान किया जा सके।

(अ0स0 20, दिनांक 29.10.2014 तथा अ0स0 33, दिनांक 5.3.2015)

**17 मण्डी समिति के वाहन (Scorpio) के क्रय तथा रजिस्ट्रेशन हेतु दी गई अग्रिम राशियों के सामयोजन के दौरान पाई गई अनियमितताओं बारे (बिल संख्याः 599, दिनांक 26.3.14 ₹8,43,234 तथा बिल संख्या 600 दिनांक 26.3.2014, ₹30,000)**

**उक्त वाहन के क्रय हेतु तथा रजिस्ट्रेशन हेतु दी गई अग्रिम राशि के समायोजन के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई :—**

(क) समायोजन बिल संख्याः 599, दिनांक 26.3.2014 ₹8,43,234 जोकि मण्डी समिति के वाहन के क्रय से सम्बन्धित है के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मण्डी समिति द्वारा छूट के पश्चात ₹7,78,009 का वाहन क्रय किया गया था, परन्तु समायोजन बिल के साथ कम्पनी द्वारा जारी मूल्य सूची (Price List) संलग्न नहीं पाई गई बार—बार आग्रह करने पर भी प्रस्तुत नहीं की गई। इस कारण वाहन कम्पनी द्वारा जारी मूल्य सूची के अनुसार उस समय के प्रचलित मूल्य पर ही क्रय किया गया था, इस तथ्य की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः कम्पनी की वाहन के क्रय के समय से सम्बन्धित मूल्य सूची उपलब्ध करवाई जाए ताकि वाहन के क्रय पर किए गए ₹7,78,009 के व्यय के सही होने की पुष्टि की जा सके।

(ख) समायोजन बिल संख्याः 599, दिनांक 26.3.2014 ₹8,43,234 में वाहन की पूरक वस्तुओं (accessories) के क्रय से सम्बन्धित ₹7000 (बिल संख्याः 417, दिनांक 10.12.13 द्वारा) किया गया भुगतान भी शामिल था। वाहन की पूरक वस्तुओं पर कुल ₹28,134 (बिल संख्याः 417, दिनांक 10.12. 2014) का व्यय किया गया था, जिसमें से ₹21,134 का पहले से ही अलग से भुगतान कर दिया गया था तथा बिल की शेष ₹7000 (28,134 — 21,134) के समायोजन हेतु समायोजन बिल संख्याः 599, दिनांक 26.3.2014 अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया था जबकि वाहन की पूरक वस्तुओं पर नियमानुसार (norms for use & maintenance of Govt. Vehicles) ₹2000 का व्यय किया जाना ही अपेक्षित था, जबकि पूरक वस्तुओं पर ₹26,134 (28134 — 2000) अधिक का व्यय किया गया था, जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है। इसके अतिरिक्त कुछ पूरक वस्तुएं जोकि वाहन में लगाई गई थी वह भी नियमानुसार अनुज्ञात (allowed) नहीं थी। अतः वाहन की पूरक वस्तुओं पर किए गए ₹26,134 (28134 — 2000) के अधिक व्यय को एवं वाहन में लगाई गई पूरक वस्तुएं जैसे कि CDMP3, Speakers, Speeaker box इत्यादि जोकि नियमानुसार अनुज्ञात प्रतीत नहीं होती है, का भी औचित्य स्पष्ट किया जाए।

(ग) समायोजन बिल संख्याः 600, दिनांक 26.3.2014, ₹30,000 वाहन की registration/passing से सम्बन्धित था। रसीद संख्याः AA204830 दिनांक 19.12.2013 (Govt. of Himachal Pradesh, RLA Nalagarh, District, Solan) के अनुसार वाहन की registration/passing हेतु ₹22,443 का भुगतान किया गया था, जिसमें ₹500 जुर्माने के रूप में भी शामिल थे, जोकि मण्डी समिति के कोष से

नियमानुसार देय नहीं थे। अतः इस अनियमितता का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा ₹500 की उपयुक्त स्त्रोत से वसूली करके इसे मण्डी कोष में जमा करवाए जाए।

(अ0स0 26, दिनांक 29.12.2014)

## 18 भुगतान की गई ₹1.64 लाख से सम्बन्धित बिल/रसीद प्रस्तुत न किए जाने बारे

अंकेक्षण के समक्ष APMC, Solan की स्टेशनरी की प्रिंटिंग कार्य से सम्बन्धित बिल (संख्या 495, दिनांक 17.1.2015, ₹1,64,500) भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया था। प्रिंटिंग का यह कार्य HPSAMB Shimla द्वारा APMC Solan के लिए Printing & Stationry Department, Himachal Pradesh से करवाया था। HPSAMB, Shimla के पत्र संख्या HMB(A)6-4/2010-4231, दिनांक 8.8.2014 द्वारा APMC, Solan को इस पत्र के दिए गए विवरण के अनुसार स्टेशनरी पर आए खर्च की ₹1,64,500 को 7 दिन के भीतर HPSAMB Shimla को प्रेषित करने के लिए लिखा गया था, ताकि Printing & Stationry Department, Himachal Pradesh को समय पर भुगतान किया जा सके, परन्तु बिल के साथ स्टेशनरी के प्रिंटिंग कार्य से सम्बन्धित Printing & Stationary Department, Himachal Pradesh द्वारा जारी कोई बिल संलग्न नहीं था, जिससे यह पुष्टि की जा सके कि मण्डी समिति सोलन की स्टेशनरी की प्रिंटिंग पर ₹1,64,500 का आया व्यय सही था। अतः निश्चित समय अवधि के भीतर भुगतान किए जाने की आवश्यकता को देखते हुए ₹1,64,500 का भुगतान HPSAMB, Shimla को इस शर्त पर किया गया था कि Printing & Stationry Department, Himachal Pradesh द्वारा APMC, Solan की स्टेशनरी की प्रिंटिंग से सम्बन्धित बिल/रसीद प्राप्त करके अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किया जाए ताकि स्टेशनरी पर आए ₹1,64,500 के व्यय की सही होने की पुष्टि की जा सके।

(अ0सं0 31, दिनांक 7.2.2015)

## 19 बजट प्रावधान के न होने पर भी भुगतान करने बारे

मण्डी समिति सोलन ने HPSAMB, Shimla को "Providing & Erection of building main control panels at Terminal Market at Parwanoo Distt. Solan HP" के कार्य के कार्यान्वयन हेतु अग्रिम राशि प्रेषित करने हेतु बिल संख्याः 251, दिनांक 10.9.2014, ₹6,63,380 अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किया था। बिल के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि वित्त वर्ष 2014–2015 से सम्बन्धित बजट में इस कार्य के कार्यान्वयन हेतु प्रावधान नहीं था। यह तथ्य अंकेक्षण द्वारा मण्डी समिति सोलन के ध्यान में लाया गया था तथा उनसे इस कार्य के कार्यान्वयन हेतु सक्षम प्राधिकारी से बजट का आबंटन करवाए जाने हेतु कहा गया था, परन्तु यह बिल अंकेक्षण के समक्ष इस उतर के साथ प्रस्तुत किया गया कि अग्रिम राशि जारी किया जाना आवश्यक है तथा इस कार्य के लिाए सक्षम प्राधिकारी से बजट का आबंटन करवा लिया जाएगा। इस लिए आवश्यकता को देखते हुए यह बिल अंकेक्षण में सक्षम प्राधिकारी

से इस कार्य के कार्यान्वयन हेतु बजट आबंटित करवाए जाने की शर्त पर स्वीकृत कर लिया था, परन्तु अभी तक इस बारे की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत नहीं करवाया गया है। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस बारे अपेक्षित आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को शीघ्र अवगत करवाया जाए।

(अ0स0 10, दिनांक 22.9.2014)

## 20 मण्डी समिति के विश्राम गृह से सम्बन्धित आगंतुक पंजिकाओं का नियमानुसार रख–रखाव न किए जाने बारे

बोर्ड के पत्र संख्याः HMB(B)2-11/97-5702 दिनांक 30.9.2014 के अनुसार सेब सीजन के दौरान जिन कर्मचारियों द्वारा अस्थाई नियुक्तियों के दौरान मण्डी समिति के विभिन्न विश्राम गृहों में ठहराव किया गया था, उनसे ठहराव शुल्क की वसूली की जानी थी। इन्हीं निर्देशों को ध्यान में रखते हुए सम्बन्धित incharges ने कर्मचारियों के विश्राम गृहों में अस्थाई नियुक्तियों के दौरान किए गए ठहराव से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करवाई थी। सीजन के दौरान जिन कर्मचारियों द्वारा परवाणू में स्थित विश्राम गृह में ठहराव किया गया था, उनसे सम्बन्धित जानकारी सम्बन्धित incharge द्वारा पत्र संख्याः A/SMY-GC-3/79-260 दिनांक 20.10.2014 के अन्तर्गत उपलब्ध करवाई गई थी। इस पत्र में सम्बन्धित कर्मचारियों के ठहराव से सम्बन्धित जानकारी के साथ यह लिखा भी पाया गया कि जिन कर्मचारियों द्वारा सीजन के दौरान ठहराव किया गया था, उनसे सम्बन्धित अभिलेख का चौकीदार द्वारा रख–रखाव नहीं किया गया था, जोकि उचित नहीं है, क्योंकि नियमानुसार जो भी व्यक्ति विश्राम गृह में ठहराव करता है, उसका पूर्ण विवरण आगंतुक पंजिका में दर्ज किया जाना अपेक्षित है, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि यह नही किया जा रहा है। अंकेक्षण द्वारा मण्डी समिति को आगंतुक पंजिकाओं का नियमानुसार रख–रखाव करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 25, दिनांक 29.12.2014 द्वारा परामर्श दिया गया था तथा साथ ही मण्डी समिति के अधीन सभी आगंतुक पंजिकाओं में प्रविष्टियों को update करके तथा उन प्रविष्टियों को सत्यापित करवा कर अंकेक्षण में प्रस्तुत करने के लिए आग्रह किया था, परन्तु यह आगंतुक पंजिकायें अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा अब इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही करके यह अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किए जाने सुनिश्चित किए जाएं।

## 21 बोर्ड को डिपॉजिट वर्क्स के लिए जारी की गई अग्रिम राशियों के समायोजन के दौरान पाई गई अनियमितताओं के बारे में

मण्डी समिति द्वारा पत्र संख्याः (Endst) A/SMC/DW/UC-2306 दिनांक 1.7.2015 के अन्तर्गत वार्ड द्वारा जारी ₹4,92,59,707 की अग्रिम राशियों के utilization certificates (2012-2013 & 2013-2014) के आधार पर इन्हें समायोजन हेतु अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इन अग्रिम राशियों

के समायोजन के दौरान निम्नलिखित आपत्तियां पाई गई तथा अंकेक्षण द्वारा ₹4,92,59,707 का समायोजन निम्नानुसार सशर्त किया गया।

**(क)** उपरोक्त ₹4,92,59,707 में से निम्नलिखित कार्यों से सम्बन्धित ₹1,18,75,826 (2012–2013 और 2013–2014) utilization certificates के आधार पर समायोजित कर ली गई थी।

| Sr. No. | Name of Work | Bill No./date of advance | Advance given (Rs.) | Amount utilized as per UC against the advance (Rs) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o Public Toilets T.M. Parwanoo | 374/6-12-12 | 329462.00 | 329462.00 |
| 2. | Repair of Shed No. 2 TM Parwanoo | --do-- | 171171.00 | 171171.00 |
| 3. | Repair os Shed No. 1 TM Parwanoo | --do-- | 70277.00 | 70277.00 |
| 4. | C/o Public Toilets T.M. Parwanoo | 524/19.3.13 | 365920.00 | 365920.00 |
| 5. | C/o SMY at Sadhupul | 65/18.5.13 | 512992.00 | 512992.00 |
| 6. | C/o Bailey Bridge (TM Parwanoo) | 59/16.5.13<br>206/2.8.13<br>462/1.1.14 | 6000000.00<br>2000000.00<br>460360.00 | 8460360.00 |
| 7. | C/o Toilet Block No. ii TM Parwanoo | 206/2.8.13 | 527246.00 | 527246.00 |
| 8. | Chhajja in auction plateform TM Parwanoo | 490/21.1.14 | 958145.00 | 958145.00 |
| 9. | Providing cladding gutter and rain water pipes in auction plateform | --do-- | 466202.00 | 466202.00 |
| 10. | C/o RCC slab cover for inspection chambers and main hole (TM Parwanoo) inspection chambers and main hole (TM Parwanoo) | 46/7.5.12 | 14051.00 | 14051.00 |
| | | **Total** | **1,18,75,826.00** | **1,18,75,826.00** |

**(ख)** मण्डी समिति की अग्रिम राशियों के समायोजन के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित निर्माण कार्यों के लिए ₹91,90,297 जारी की गई थी, परन्तु UCs तथा मण्डी समिति द्वारा उपरोक्त पत्र दिनांक 1.7. 2015 द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अवलोकन पर पाया गया कि इन कार्यों पर ₹83,82,319 का व्यय आया था। इन निर्माण कार्यों के पश्चात बोर्ड के पास शेष बची हुई ₹8,07,978 (91,90,297 – 83,82,319) की वार्ड से वसूली करके मण्डी समिति कोष में वापिस जमा करवाई गई थी या नहीं, इससे सम्बन्धित कोई भी जानकारी अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गई थी। अतः निम्नलिखित कार्यों पर ₹83,82,319 के व्यय को इस शर्त पर समायोजित किया गया कि इन कार्यों हेतु बोर्ड को जारी की गई

कुल राशि में से शेष बची ₹8,07,978 वापिस प्राप्त करने से सम्बन्धित अभिलेख तथा मण्डी समिति के कोष में जमा करवाने से सम्बन्धित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत कावाया जाए।

| Sr. No. | Name of Work | Bill No./ date of advance | Advance given (Rs.)<br>(a) | Amount utilized as per UC against the advance (Rs.)<br>(b) | Left out amount (Rs.)<br>(a-b) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Prov. Of gate and protection grills in Solan Building | 46/7.5.12 | 1,08,700 | 1,08,413 | 287.00 |
| 2 | Renovation of Chairman office (RMY Solan) | --do-- | 72,714 | 66,160 | 6,554.00 |
| 3. | C/o Public Toilets (TM Parwanoo) | --do-- | 35,370 | 35,260 | 110.00 |
| 4. | Restoration of Water Supply (TM Parwanoo) | --do-- | 21,231 | 20,231 | 1,000.00 |
| 5. | AR/MO PMY Solan (Painting & distempering) | 106/15.6.12 | 5,11,125 | 3,50,850<br>1,52,070<br>**5,02,920** | 8,205.00 |
| 6. | Architectural Service TM Parwanoo (E&M of TM Parwanoo) | 7/10.4.13 | 5,00,000 | 4,00,259 | 99,741.00 |
| 7. | C/o Cause Way-I (TM Parwanoo) | 59/16.5.13 | 2,85,913 | 2,71,019 | 14,894.00 |
| 8. | Strengthening of approach road Solan | 572/12.3.14 | 3,00,000 | 2,76,682 | 23,318.00 |
| 9. | C/o 20 No. Shops in existing shed no. IT.M. Parwanoo | 134/22.6.13 | 28,97,989 | 11,70,253<br>16,51,731<br>**28,21,984** | 76,005.00 |
| 10. | C/o cause way No. III (TM Parwanoo) | 270/18.9.13 | 4,23,580 | 4,19,851 | 3,729.00 |
| 11. | C/o Proposed toilet Block & Septic Tank | 206/2.8.13 | 10,23,600 | 2,51,404<br>1,80,391<br>1,83,274<br>**9,15,069** | 1,08,531.00 |
| 12. | C/o Chowkidar Residence (TM Parwanoo) | 270/18.9.13 | 3,75,253 | 3,59,422 | 15,831.00 |
| 13. | C/o U Shape drains (TM Parwanoo) | 206/2.8.13 | 5,68,698 | 4,03,658 | 1,65,040.00 |
| 14. | Mask light (TM Parwanoo) | 270/18.9.13 | 5,00,000 | 3,87,538 | 1,12,462.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15. | C/o Breast wall in plum concerete adjoining of the newly constructed building kather Solan | 539/29.3.13<br>572/12.3.14 | 3,23,250<br><u>4,00,000</u><br>**<u>7,23,250</u>** | 5,73,890 | 1,49,360.00 |
| 16. | ARMO SMY at Arki | --do-- | 2,86,200 | 2,69,799 | 16,401.00 |
| 17. | C/o cause way-II (TM Parwanoo) | 59/16.5.13 | 5,56,674 | 5,50.164 | 6,510.00 |
| | | **Total** | **91,90,297** | **83,82,319** | **8,07,978.00** |

(ग) मण्डी समिति की अग्रिम राशियों के समायोजन के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित निर्माण कार्यों पर ₹2,32,31,147 व्यय की गई दर्शाई गई थी, परन्तु UCs तथा मण्डी समिति द्वारा उपरोक्त पत्र दिनांक 1.7.2015 द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अवलोकन पर पाया गया कि इन कार्यों पर ₹2,51,55,463 का व्यय आया था, जोकि इन निर्माण कार्यों हेतु जारी की गई अग्रिम राशियों से ₹19,24,316 (2,51,55,463 – 2,32,31,147) अधिक है। अंकेक्षण को यह भी अवगत करवाया गया था कि इन निर्माण पर आया अधिक व्यय बोर्ड के पास मण्डी समिति की शेष बची हुई राशियों में से किया गया था, परन्तु बोर्ड के पास बची हुई शेष राशि किन कार्यों से सम्बन्धित थी, उस बारे कोई भी विवरण अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाया गया था। अतः निम्नलिखित कार्यों पर ₹2,51,55,463 के व्यय इस शर्त पर समायोजित किया गया है कि इन कार्यों पर आया ₹19,24,316 का अधिक व्यय, जिन कार्यों की शेष बची हुई राशियों में से किया गया था उस बारे पूर्ण विवरण प्राप्त करके इन कार्यों हेतु सक्षम अधिकारी से संशोधित प्रशासनिक तथा तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करके तथा मण्डी समिति के खातों में आवश्यक समायोजन/प्रविष्टियाँ करके सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किया जाए ताकि खातों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए जारी की गई राशियों तथा उन पर आए व्यय की सही स्थिति को दर्शाया जा सके।

| Sr. No. | Name of Work | Bill No. /date of advance | Advance ggiven (Rs.) | Amount utilized as per UC against the advance (Rs.) | Excess amount spent on works (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o Sub Market Yard Sadhupul | 287/17.10.12 | 15,00,000 | 15,01,247 | 1,247.00 |
| 2. | C/o Proposed Auction Plateform TM Parwanoo | 30/3.5.13<br>134/22.6.13 | 32,00,000<br><u>1,00,00,000</u><br>**<u>1,32,00,000</u>** | 1,44,11,812 | 12,11,812.00 |
| 3. | C/o Proposed Breast Wall TM Parwanoo | 59/16.5.13 | 2,09,913 | 2,11,551 | 1,638.00 |
| 4. | Protection work of Road TM Parwanoo | 134/22.6.13 | 35,99,400 | 37,16,152 | 1,16,752.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | RCC Abutment (TM Parwanoo) | 206/2.8.13 | 4,95,016 | 7,26,212 | 2,31,196.00 |
| 6. | C/o 22 No. Offices in existing shed No. 2 TM Parwanoo | 206/2.8.13 | 31,02,611 | 6,64,559<br>25,01,421<br>**31,65,980** | 63,369.00 |
| 7. | M&E of TM Parwanoo (SH: E.I.) | 270/18.9.13 | 7,00,000 | 7,88,805 | 88,805.00 |
| 8. | C/o Canteen Block (TM Parwanoo) | 270/18.9.13 | 4,24,207 | 5,94,948<br>38,756<br>**6,33,704** | 2,09,497.00 |
| | | **Total** | **2,32,31,147** | **2,51,55,463** | **19,24,316.00** |

**(घ)** विपणन बोर्ड द्वारा मण्डी समिति सोलन के लिए करवाए गए विभिन्न निर्माण कार्यों के विज्ञापनों पर वर्ष 2012–2013 और 2013–2014 में ₹1,08,231 व्यय किए गए दर्शाए गए थे जैसा कि इन निर्माण कार्यों से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्रों से स्पष्ट होता है, परन्तु अलग–अलग निर्माण कार्यों के विज्ञापनों पर कितना–कितना व्यय किया गया था, इससे सम्बन्धित कोई भी विवरण अंकेक्षण को उपलब्ध नही करवाया था। इस विवरण के अभाव में न तो यह पता लगाया जा सका कि किस निर्माण कार्य के विरूद्ध कितनी विज्ञापन की राशि समायोजित की जानी थी तथा न ही प्रत्येक निर्माण कार्य के वास्तविक व्यय को दर्शाया जा सका। अतः विज्ञापन पर किए गए ₹1,08,231 के व्यय को इस शर्त पर समायोजित किया जाता है कि बोर्ड से विभिन्न निर्माण कार्यों के विज्ञापनों पर किए गए व्यय से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जाए तथा उस व्यय को सम्बन्धित निर्माण कार्यों के विरूद्ध डैबिट करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए, ताकि खातों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए जारी की गई राशियों तथा उन पर आए व्यय की सही स्थिति को दर्शाया जा सके।

| Sr. No. | Detail | Amount (Rs) | As per UC |
|---|---|---|---|
| 1. | Advertisements | 31,543.00 | 2012-2013 |
| 2. | Advertisements | 21,850.00 | 2013-2014 |
| 3. | Advertisements | 44,467.00 | 2013-2014 |
| 4. | Advertisements | 10,371.00 | 2013-2014 |
| | **Total** | **1,08,231.00** | |

